कार्यालय प्राचार्य
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग(छ.ग)
फोन एंव फैक्स नं. 07826 – 296200
Email: patancollege@gmail.com website www.govtcccollegepatan.in

दिनांक 11.12.2023

# //सूचना//

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## (सात दिवसीय विशेष शिविर)

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम–बोरेन्दा में दिनांक 16.12.2023 से 22.12.2023 तक आयोजित किया गया है शिविर में भाग लेने के इच्छुक छात्र–छात्राएँ डॉ. पुष्पा मिंज के पास अपना नाम दर्ज करवाकर एवं अभिभावक का घोषणा पत्र भरकर (हस्ताक्षर सहित) संबधित के पास जमा कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

शिविर में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या 100 निश्चित है इसके बाद किसी भी विद्यार्थी का आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

(कार्यक्रम अधिकारी)
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो.

(डॉ. शोभा श्रीवास्तव)
प्राचार्य
Principal
Govt C.L.C. Arts and Science
College Patan, Durg (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग(छ.ग)
फोन एंव फैक्स नं. 07826 – 296200
Email: patancollege@gmail.com website www.govtcccollegepatan.in

दिनांक 19.12.2023

# //सूचना//

## राष्ट्रीय सेवा योजना

महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम–बोरेन्दा में दिनांक 16.12.2023 से प्रारंभ है। शिविर का समापन समारोह दिनांक 21.12.2023 को समय 01:30 बजे किया जाना प्रस्तावित है। समापन समारोह के पश्चात् स्वंयसेवको द्वारा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित किया जायेगा। आप सभी लोगो की उपस्थिति अपेक्षित है।

शिविर स्थल में आप सभी लोगो के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। उपरोक्त समय पर आने का कष्ट करें।

(कार्यक्रम अधिकारी)
रा.से.यो.

(डॉ. शोभा श्रीवास्तव)
प्राचार्य
Principal
Govt.C.L.C.Arts and Science
College Patan, Distt -Durg (C.G)

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन, जिला– दुर्ग(छ.ग)
फोन एंव फैक्स नं. 07826 – 296200
Email: patancollege@gmail.com website www.govtcccollegepatan.in

दिनांक 11.12.2023

# //सूचना//

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## (सात दिवसीय विशेष शिविर)

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम–बोरेन्दा में दिनांक 16.12.2023 से 22.12.2023 तक आयोजित किया गया है शिविर में भाग लेने के इच्छुक छात्र–छात्राएँ डॉ. पुष्पा मिंज के पास अपना नाम दर्ज करवाकर एवं अभिभावक का घोषणा पत्र भरकर (हस्ताक्षर सहित) संबधित के पास जमा कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे।

शिविर में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या 100 निश्चित है इसके बाद किसी भी विद्यार्थी का आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

(कार्यक्रम अधिकारी)
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो.
शास. सी. एल. सी. महाविद्यालय
पाटन, जिला दुर्ग (छ. ग.)

(डॉ. शोभा श्रीवास्तव)
Principal
Govt.C.L.C.Arts and Science
College Patan, Distt. Durg (C.G.)
प्राचार्य

16-9-2023
कार्यालय प्राचार्य
शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन,जिला-दुर्ग(छ.ग.)
फोन एवं फैक्स नं. 07826-296200
Email: patancollege@gmail.com website: www.govtcccollegepatan.in

## राष्ट्रीय सेवा योजना 2023-24

महादलनायक :- (1)लोचन देवांगन बी.ए. -2
(2) कु.संगम वर्मा बी.एस.सी.-3

दलनायक :- (1)मोंगरा साहू बी.ए. -3
(2)थानेश कुमार साहू बी.ए. -3
(3)अंजु निर्मलकर बी.ए. -2
(4)रोशनी साहू बी.ए. -3
(5) दिपांजली वर्मा बी.ए. -2
(6)यामिनी वर्मा बी.ए. -3
(7) विकास सांगडे बी.ए. -3
(8) योगेश यादव बी.ए. -3
(9)नितिन देवांगन बी.ए. -1
(10) तान्या वर्मा बी.एस.सी.-1
(11)नोमेश्वरी बी.ए. -3

सांस्कृति समिति (प्रभारी):-
(1)श्वेता वर्मा बी.एस.सी.-3
(2) अकल कुमार बी.ए. -3

प्रेस प्रभारी :- (1) पंकज साहू बी.ए. -3

कार्यक्रम अधिकारी
1.प्रो.बी.एम.साहू
2.डॉ.पुष्पा मिंज

Shobha Sh
डॉ. शोभा श्रीवास्तव
प्राचार्य
Principal
Govt. C.L.C. Arts and Science College Patan, Distt.-Durg (C.G.)

ब्रीफ न्यूज

# ग्राम बोरेंदा में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन



**रानीतराई @ पत्रिका.** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन ग्राम बोरेंदा में हुआ। प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव ने सात दिवसीय विशेष शिविर की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी ठंड होते हुए भी कठिनाइयों का सामना करते हुए सात दिवस तक घर से बाहर रहना केवल रासेयो के स्वयंसेवक ही कर सकते हैं। सरपंच कमलेश वर्मा ने सफलता पूर्वक शिविर का संचालन करने के किये कार्यक्रम अधिकारी बीएम साहू, डॉ पुष्पा मिंज, महादलनायक लोचन देवांगन व महादलनायिका संगम वर्मा सहित सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी। स्वयं सेवकों ने बारहमासी गीत, रीमिक्स, भांगड़ा, एकल नृत्य, समूह नृत्य द्वारा अपने सांकृतिक कलाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर योजना के जिला संगठक विनय शर्मा, भोलाराम यादव, जोहन साहू, कार्तिक निषाद आदि मौजूद रहे। संचालन अतिथि सहायक प्राध्यापक चंद्रशेखर देवांगन व स्वयंसेवक खोमेश वर्मा ने किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना ग्रामीण प्रतिभाओ को उभारने का सर्वश्रेष्ठ मंच - डॉ आलोक शुक्ला

- बौद्धिक परिचर्चा मे पाटन महाविद्यालय के डीके भारद्वाज, शैलेष मिश्र, डॉ गौरव शर्मा, प्रमोद मिश्रा की सहभागिता हुई
- शिविर समापन समारोह सरपंच कमलेश वर्मा व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शोभा श्रीवास्तव के आतिथ्य में सम्पन्न होगा



पाटन (समय दर्शन)। शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का पंचम दिवस की बौद्धिक परिचर्चा बहुत महत्वपूर्ण रहा। आज के बौद्धिक परिचर्चा में दाऊ रामचंद्र साहू शासकीय महाविद्यालय रानीतराई के प्राचार्य डॉ आलोक शुक्ला , पाटन महविद्यालय प्राध्यापक प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष डीके भारद्वाज, अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष शैलेष मिश्र , वाणिज्य के सहायक प्राध्यापक डॉ गौरव शर्मा , एनएसएस सहयोगी प्रमोद मिश्रा का आगमन हुआ। अतिथियो द्वारा माँ सरस्वती, छतीसगढ़ महतारी, स्वामी विवेकानन्द के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किये। मुख्य अतिथि डॉ शुक्ला ने छात्र छात्राओं के व्यक्तिव विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका को स्पष्ट करते हुए बतलाया कि शिविर में सहभागिता देने वाले स्वयंसेवको की कला, प्रतिभा निखरता है, हम सभी समाज का एक भाग है रासेयो में हमारे द्वारा किये जाने वाले विभिन्न कार्यो से समाज का विकास होता है इसे सामुदायिक विकास कहते है और रासेयो का यही लक्ष्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना ही एक ऐसा मंच है जिससे ग्रामीण क्षेत्रो की प्रतिभा निखरती है। प्रमोद मिश्रा ने छात्र छात्राओं को नशा से दूर रहने की बात कही साथ भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नशा उन्मूलन कार्यक्रमों के बारे में बताया। वाणिज्य के प्राध्यापक डॉ शर्मा ने मादक पदार्थो की मार्केटिंग व ब्रांडिंग नशा की प्रवृत्ति को बढ़ाने में सहायक होते है युवा अपने चहेते फ़िल्मी कलाकार व अन्य फेमस नाम द्वारा मादक पदार्थो के विज्ञापन देने से भ्रमित होते है और नशे के की गिरफ्त में आ जाते है। शैलेष मिश्र ने व्यक्तित्व विकास पर अपनी बात रखते हुए कहा की शिविर में विभिन्न सांस्कृतिक विचारों के छात्र छात्राओं का मिलन होता है जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास में सकारात्मक विचारों का उदय होता है क्योंकि भेदभाव से परे सामजिक समरसता को आत्मसात करते है। डीके भारद्वाज ने मानव में पाए जाने वाले जीन की वजह से लोग नशे की ओर प्रवृत होते है इसके साथ ही साथ मानव स्वभाव जिससे नशा करने की चाहत उतपन्न होती है उससे कैसे बचे इसके बारे में जानकारी दिए। अंत मे कार्यक्रम अधिकारी बीएम साहू ने सभी वक्ताओं के वक्तव्य का सार स्वयंसेवको को प्रस्तुत करते हुए बतलाया कि ग्रामीण क्षेत्रो के महाविद्यालय में 2 इकाई संचालित होना पाटन कालेज के लिए गौरव की बात है, आगन्तुक अतिथियो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के अतिथि सहायक प्राध्यापक चंद्रशेखर देवांगन ने किया। आगे जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुष्पा मिंज ने बताया कि आज परियोजना कार्य मे गांव की नालियों का चयन किया गया और सभी क्षेत्रों की नालियों की साफ सफाई शविरार्थियो द्वारा की गई। आगे जानकारी देते हुए बताया कि कल शिविर का समापन समारोह भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतिकरण के साथ किया जाएगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम बोरेंदा के सरपंच कमलेश वर्मा, अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य डॉ शोभा श्रीवास्तव , विशेष अतिथि के रूप में भोलाराम यादव, उपसरपंच नरेंद्र साहू , विद्यालय के प्रधानपाठक व ग्राम पंचायत बोरेंदा के पंचगण व गणमान्य नागरिक होंगे साथ ही महाविद्यालय परिवार भी उपस्थित रहेंगे।

ब्रीफ न्यूज

# नशे से कंपनियां कमा रही लाभ, समाज को नुकसान



रानीतराई @ पत्रिका . ग्राम बोरेंदा में शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस बौद्धिक परिचर्चा हुई। इसमें महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष जागृत कुमार, वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रवीण जैन और मुख्य लिपिक यशवंत साहू शामिल हुए। जैन ने नशीली पदार्थ से कंपनियों को होने वाली आय और इसके ग्राहकों को होने वाले नुकसान की बात कही। उन्होंने कहा कि साबुन बनाने का काम सरलता से सीखकर स्वरोजगार अपना सकते हैं और छात्र जीवन में होने वाले खर्चों को आसानी से हल करके अपने पालकों का आर्थिक भार कम कर सकते हैं। इसी तरह सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। संचालन चंद्रशेखर देवांगन ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ पुष्पा मिंज ने किया। इसके बाद ग्राम के तालाबों की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर महादलनायक लोचन देवांगन, महादलनायिका संगम वर्मा, दलनायक श्वेता मौजूद रहे।